उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 07 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934
(दिनांक : 28 मई, 2012)

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ "वन्देमातरम्" (देखिये नत्थी "**क**")।

2. प्रश्न (देखिये नत्थी "**ख**")

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण (संशोधन) अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (संशोधन) अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. प्रमुख सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 29 मार्च, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का प्रथम अधिनियम बन गया।

8. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगी।

13. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगी।

14. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा० अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ग"**)

21. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

(डी०पी०गैरोला) 27.5.2012
प्रमुख सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 28 मई, 2012

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

द्वितीय सत्र, 2012
का प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 07 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934
## ( दिनांक : 28 मई, 2012 )

## नत्थी "ख"

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण राम आर्य<br>07.05.2012 | *1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट के सारतोला में नवनिर्मित पुल 13 दिन के बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्रीजी इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी<br>07.05.2012<br>श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>11.05.2012<br>श्री राजेश शुक्ला<br>14.05.2012 | *2. माननीय उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त | |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश धामी<br>07.05.2012<br>श्री हेमेश खर्कवाल<br>15.05.2012 | *3. **माननीय उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** | |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>07.05.2012 | *4 क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के पट्टी खांटली के दुनाऊ में 1 मेगावाट की "दुनाऊ जल विद्युत परियोजना" प्रारम्भ की गयी थी ? यदि हां, तो उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है ? क्या उक्त योजना को सरकार प्रारम्भ किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो योजना कब तक अस्तित्व में आ जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.05.2012<br>श्री मदन कौशिक<br>15.05.2012<br>श्री अरविन्द पान्डे<br>15.05.2012 | *5 क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्र में विद्युत कटौती किये जाने का क्या कारण है तथा सरकार द्वारा कितने समय तक कटौती किये जाने का निर्णय लिया गया है ? क्या सरकार द्वारा भविष्य में भी इसी तरह की कटौती की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो स्थिति में सुधार कैसे किया जायेगा ? | **ऊर्जा** |
| श्री मदन कौशिक<br>08.05.2012 | *6 क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के मुख्य शहरों में जाम एवं वाहनों से फैल रहे प्रदूषण से मुक्ति दिलाने हेतु सरकार क्या कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यावरण** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>08.05.2012 | *7 क्या उर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की छोटी, बड़ी नदियों पर छोटी जल–विद्युत परियोजनाएं बनाए जाने पर विचार किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक योजनाएं बना ली जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>09.05.2012 | *8 क्या लोक निमार्ण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सतपुली से पौड़ी तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग की वर्तमान स्थिति क्या है ? उक्त मार्ग कब तक वाहनों के चलने योग्य बन जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>09.05.2012 | *9 क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2012–13 हेतु आबकारी नीति घोषित कर दी गयी हैं ? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ? क्या सरकार उक्त नीति की प्रति सदन के पटल पर रखेगी ? | **आबकारी** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दान सिंह भण्डारी 09.05.2012 | *10 क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल के औद्योगिक क्षेत्र (यू0पी0एस0आई0डी0) को सिडकुल को हस्तांतरित कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार स्थानीय बेराजगारों को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु (यू0पी0एस0आई0डी0) को पुनः चलवाये जाने हेतु यथाशीघ्र कदम उठाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्योग** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री दान सिंह भण्डारी 07.05.2012 | 1. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत नथुवाखान–प्यूड़ा–क्वाख मोटरमार्ग का डामरीकरण विगत वर्षात के दिनों से पूर्णतया क्षतिग्रस्त है जिससे क्षेत्रीय जनता को आवागमन में काफी परेशानियों को सामना करना पड रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का पुनः डामरीकरण अतिशीघ्र करवाये जाने हेतु कदम उठायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दान सिंह भण्डारी 07.05.2012 | 2. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश में नये आई0टी0आई0 की स्थापना करने जा रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामगढ़ एवं ओखलकाण्डा में आई0टी0आई0 की स्थापना करने की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री दान सिंह भण्डारी 07.05.2012 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत कसिया लेख–सूपी–लोद मल्ला–पाटा मोटर मार्ग का डामरीकरण किये जाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नही तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दान सिंह भण्डारी 07.05.2012 | 4. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद नैनीताल के विकासखण्ड ओखलकाण्डा के अन्तर्गत मोरनौला, मोरनौला–मझौला गौनिया रौ – हरीशताल अनर्पा, जौलपोखरा, सलियाकोट नाई– भूमका मोटरमार्ग तथा धारी विकास खण्ड के अन्तर्गत कसियालेख–चौखुटा–धानाचूली–कौलधारी आना बवियाण, हैडाखान मोटर मार्ग तथा साथ ही रामगढ़ विकास खण्ड अन्तर्गतबडेत–सिमायल, डैलकुगा हरिनगर–सुरालगांव–बज्यूठिया–तरैना– पोखरी बडैत भियालगांव–कूल, मोटर मार्गो का निमार्ण करवाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नही तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल 07.05.2012 | 5. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में 1 जनवरी, 2010 से वर्तमान तक स्वीकृत सड़कों में से कुल कितनी सड़कें वन भूमि के अन्तर्गत आ रही हैं ? क्या सरकार द्वारा उक्त सड़कों के वन भूमि हस्तानान्तरण के प्रस्ताव शासन को भेजे हैं ? यदि हां, तो कितने प्रस्ताव शासन को भेजे हैं ? यदि नहीं तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 07.05.2012 | 6. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्वीकृत सड़कों के वन भूमि हस्तान्तरण के कुल कितने प्रस्ताव भारत सरकार व नोडल स्तर पर लम्बित/विचाराधीन हैं तथा इसके क्या कारण हैं ? क्या मंत्रीजी बतायेंगे कि प्रदेश में कुल कितनी सड़कों के वन भूमि के प्रस्ताव नहीं बने हैं ? | **वन** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 07.05.2012 | 7. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में टनकपुर–जौलजीवी मोटर मार्ग में जुगुड़ा से रडुवा तक काली नदी पर सड़क के किनारे सुरक्षा हेतु केस वेरियर लगाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 07.05.2012 | 8. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी–भीमताल बाईपास की भवाली सड़क में भीमताल झील से सुरक्षा हेतु लगाई गई पाईप की रैलिंग जंक लगने के कारण जगह–जगह टूट गई है ? क्या सरकार सुरक्षा हेतु पाईप रैलिंग के स्थान पर केस वैरियल रेलिंग लगायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 07.05.2012 | 9. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० पिथौरागढ़ में पहाड़ कटान, स्कवर के कुल कितने निर्माण कार्य हैं जिसमें निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है तथा कार्य पूर्ण करने की समया सीमा समाप्त हो चुकी हो ? क्या सरकार उक्त कार्यों को अनुबन्ध की शर्तों के आधार पर निरस्त करेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री आदेश चौहान 07.05.2012 | 10. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में वर्ष 2010 में आई दैवीय आपदा से ग्राम–रोशनाबाद के खाले के क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण हेतु क्या कार्यवाही की गई है ? क्या सरकार जनहित में उक्त पुल का निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में प्रारम्भ करवाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>07.05.2012 | 11. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र में गंगनहर पर स्थित रेलवे पुल का पैदल यात्रियों द्वारा उपयोग किए जाने से जान माल की क्षति को रोकने के लिए रेलवे पुल के समानान्तर में पुल बनाने की क्षेत्र की जनता लम्बे समय से मांग करती आ रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री आदेश चौहान<br>07.05.2012 | 12. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र रानीपुर के अन्तर्गत ग्राम टिहरा तथा खाला टिहरा के मध्य खाले पर पुल निर्माण की मांग क्षेत्रीय जनता लम्बे समय से करती आ रही है ? यदि हां तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री हरीश धामी<br>07.05.2012 | 13. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत धारचूला विधान सभा क्षेत्र में कितनी जल विद्युत परियोजनायें प्रस्तावित हैं और इन पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? | **ऊर्जा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.05.2012 | 14. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी के अन्तर्गत लैन्सडौन डुमेला पैदल मार्ग को सेना द्वारा तोड़ दिया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या उक्त मार्ग लो0नि0वि0 के नियन्त्रणाधीन है ? यदि है तो सेना ने किस आधार पर इसे क्षतिग्रस्त किया है एवं विभाग द्वारा सेना के खिलाफ क्या कोई कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.05.2012 | 15. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मेदावन हल्दूखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण की स्वीकृति कब हुई तथा अभी तक इसके न बनने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्रीजी यह भी बतायेंगे कि उक्त कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा तथा इसके विलम्ब व अनियमितता होने के कारणों की समीक्षा कर कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>07.05.2012 | 16. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर पौड़ी गढ़वाल के पच्चीस गांवों का मोटर मार्ग राजाजी नेशनल पार्क के बीच से जाता है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 12 कि0मी0 मोटरमार्ग के डामरीकरण हेतु धन की स्वीकृति दी गई है ? यदि हां, तो मोटर मार्ग के पक्कीकरण हेतु स्वीकृति दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>07.05.2012 | 17. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले के वि0ख0 ताड़ीखेत के कुजगड नामक नदी पर मोटर वाहन पुल का प्रस्ताव लम्बित है ? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? सरकार कब तक उक्त स्थान पर मोटर वाहन पुल का निर्माण करेगी ? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>07.05.2012 | 18. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले के वि0ख0 ताड़ीखेत के थकुलाड़ी, बैना, मटेला, मनिहार मोटर मार्ग निर्माण का शासनादेश किस तारीख को हुआ था तथा इतने लम्बे समय तक भी निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं ? सरकार कब तक उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ करेगी ? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>07.05.2012 | 19. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले के वि0ख0 ताड़ीखेत के पन्याली श्रीराम मंदिर मोटर मार्ग के निर्माण हेतु शासनादेश किस तारीख को हुआ था तथा उक्त मोटर मार्ग में अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक<br>08.05.2012 | 20. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य में अभी तक कितने मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थान संचालित है तथा उक्त संस्थानों से वर्तमान तक कितने छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की गयी है ? क्या सरकार द्वारा इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त छात्रों के रोजगार हेतु कोई कार्ययोजना तैयार की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नही तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>08.05.2012 | 21. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में यातायात की सुविधा हेतु बाईपास सड़क का निर्माण किये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>08.05.2012 | 22. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत प्रतापपुर के सत्रह (17) मील को जोड़ने वाले लिंक मार्ग पर पक्का पुल निर्माण किये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>08.05.2012 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत मूनाकोट झूलाघाट मोटर मार्ग के हाट मिक्स कार्य में मोटाई व चौड़ाई के क्या मानक हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि नाली व दीवार के 60 से0मी0 के टौप के ऊपर भी हाट मिक्स कराने के क्या कारण हैं ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 08.05.2012 | 24. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के गसाड़ चही नामक स्थान पर बना मोटर पुल वाहनों एवं जनता की आवाजाही के लिए बन्द कर दिया गया है ? यदि हां तो क्यों ? क्या उक्त पुल के निर्माण में गुणवत्ता में त्रुटियों पायी गयी है ? यदि हां, तो क्या जिम्मेदार अधिकारियों को निलम्बित व ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 08.05.2012 | 25. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोहाघाट जनपद चम्पावत में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 08.05.2012 | 26. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के अन्तर्गत किन–किन सड़कों का वन अधिनियम के कारण निर्माण नहीं हो पा रहा है ? विभाग द्वारा भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को स्वीकृति हेतु किन–किन सड़कों का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है तथा उन पर क्या कार्यवाही हुई है ? | वन |
| श्री तीरथ सिंह रावत 08.05.2012 | 27. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत एकेश्वर के खतिगांव तक मोटर मार्ग कब निर्मित किया गया था ? क्या यह सत्य है कि उक्त मार्ग पर पड़ने वाले अधिकांश गावों को मोटर मार्ग की सुविधा नहीं मिल रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग को सिमलगांव–अलेका–गोखेड़ा–तप्पड़घाट–कुलेड़ी तक बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 08.05.2012 | 28. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के चौबट्टाखाल तहसील के अन्तर्गत पडाखेत–रीठाखाल मोटर मार्ग डामरीकृत है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 08.05.2012 | 29. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में पट्टी मवालस्यूं के अन्तर्गत चौरा से मुसासू मोटर मार्ग स्वीकृत हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का विस्तारीकरण तुनाखाल तक करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>08.05.2012 | 30. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत एकेश्वर रीठाखाल – कान्डई मोटर मार्ग कान्डई तक निर्मित है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग को 2 कि0मी0 आगे ढुंगबड़ी तक विस्तारीकरण की स्वीकृति इसी वित्तीय वर्ष में प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>08.05.2012 | 31. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के एकेश्वर ब्लाक के अन्तर्गत ईड़ाखाल से पिलखेरा मोटर मार्ग पर मोटर मार्ग, ग्राम सगोड़ा के बीच से गुजरने के कारण गांव के मकानों को खतरा उत्पन्न हो गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार भवनों को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु ब्रेस्टवाल का निर्माण वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने से पूर्व अविलम्ब करायेगी ? यदि हां तो कब तक ? | **लोक निर्माण** |
| श्री माल चंद<br>08.05.2012 | 32. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत गोविन्द पशु विहार के ग्रामीण क्षेत्र के कास्तकार वन कानूनों के कारण जलौनी लकड़ी, इमारती लकड़ी, पैदल मार्ग, पेयजल चरान–चुंगान, मोटर मार्ग, विद्युत लाइन आदि से वंचित रहते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पशुविहार क्षेत्रवासियों की समस्याओं के दृष्टिगत जीवन यापन हेतु स्थानीय निवासियों के हक हकूक बहाल करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री माल चंद<br>08.05.2012 | 33. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत गोविन्द पशु विहार क्षेत्र के कास्तकारों को जानवरों द्वारा जान से मारने एवं घायल करने पर कितना–कितना मुआवजा मिलता है व कितने समय में, या रेंज कार्यालय से दिया जाता है ? क्या मंत्रीजी यह भी बतायेगे कि पूर्व में जानवरों द्वारा मारे जाने और घायल होने पर कितनी धन राशि किस स्त्रोत एवं माध्यम से मिलती थी ? इस अनुदान राशि की अदायगी की समय सीमा क्या है ? क्या सरकार वर्तमान में मुआवजा राशि बढ़ाने पर विचार करेगी ? | **वन** |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>09.05.2012 | 34. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत नौगांव खाल–तुनाखाल मोटर मार्ग पर ईड़ाखाल से सगोड़ा होते हुए पिलखेरा तक मोटर मार्ग निर्माण के समय पौराणिक शिव मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मंदिर का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दान सिंह भण्डारी 09.05.2012 | 35. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल स्थित भीमताल बाईपास मोटर मार्ग जो गत वर्ष हुई बरसात व ओला वृष्टि से काफी क्षतिग्रस्त हो गया था, अभी तक जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग के पुनर्डामरीकरण हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 09.05.2012 | 36. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के पट्टी मवालस्यूं शिक्षा के दृष्टिकोण से एक अत्यन्त पिछड़ा क्षेत्र है ? क्या यह सत्य है कि गरीब बच्चों को तकनीकी शिक्षा ग्रहण किये जाने हेतु घर से काफी दूर जाना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में एक राजकीय पालीटैक्निक कालेज, क्षेत्र के केन्द्र बिन्दु ग्राम सभा सगोड़ा में खोले जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 09.05.2012 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत खटीमा बिगराबाग पुलिया से चकरपुर मार्ग के चौड़ीकरण हेतु कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक उक्त मार्ग का चौड़ीकरण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 09.05.2012 | 38. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड पाटी जिला चम्पावत में डिग्री कालेज की स्थापना का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? क्या शैक्षणिक सत्र 2012 से कक्षायें प्रारम्भ करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 09.05.2012 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के अन्तर्गत क्यारी–सुरकन्डा–मसरास मोटर मार्ग का निर्माण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

# नत्थी "ग"

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 27-05-2012 की बैठक में दिनांक 28 मई, 2012 से दिनांक 01 जून,2012 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-**

**मई, 2012**

28 सोमवार

1 औपचारिक कार्य।

2 अध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना।

29 मंगलवार

1 औपचारिक कार्य।

2 विधायी कार्य:-

(1) उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(2) उत्तराखण्ड आबकारी (संशोधन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

30 बुधवार

1 औपचारिक कार्य।

2 विधायी कार्य:-

(1) उत्तराखण्ड वन विकास निगम (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(2) उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

31 गुरुवार

1 औपचारिक कार्य।

2 मा० वित्त मंत्री जी द्वारा सांय 4.00 बजे
(वर्ष 2012-2013 का बजट) प्रस्तुतीकरण।

**जून, 2012**

01 शुक्रवार

1 औपचारिक कार्य।

2 बजट पर सामान्य चर्चा।

3 असरकारी कार्य:-

निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:-

श्री बिशन सिंह चुफाल "यह सदन संस्तुति करता है कि प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे जनपदों में स्थानीय लोगों के पलायन को रोकने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध किये जाने के लिए अलग से सीमान्त क्षेत्र विकास योजनाएं बनाई जायें।"

(30 मिनट)

श्री मदन कौशिक "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में स्थापित की जाय।"

(30 मिनट)

श्री नवप्रभात "यह सदन उत्तराखण्ड में गंगा तथा उसकी सहायक नदियों की पवित्रता एवं अविरलता बनाये रखने का संकल्प लेता है;

यह सदन उत्तराखण्ड में सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पावन नदियों के क्षेत्रीय परिस्थितिकीय संतुलन को बनाये रखते हुए राज्य के संसाधनों के विकास, स्थानीय निवासियों के रोजगार एवं सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करता है;

यह सदन अनुभव करता है कि राज्य में बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण राज्य की ऊर्जा आवश्यकता के साथ-साथ सुदूर क्षेत्रों में अवस्थापना विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक उत्थान, आर्थिक प्रगति एवं स्थानीय निवासियों को बेहतर जीवन-यापन का अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक है।

इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए आवश्यक सभी निर्देशों एवं मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।"

(30 मिनट)